an>

Title: Need to ensure payment of arrears to sugarcane farmers by sugar mills in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे **(वाल्मीकि नगर):** मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र बाल्मीकि नगर (बिहार) में स्थित शुगर मिलों द्वारा किसानों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न के अति महत्वपूर्ण मामले की तरफ दिलाना चाहता हूं। चीनी मिलों पर किसानों का 3 करोड़ 50 लाख रूपया बकाया है और मात्र 25 लाख रूपये का ही भुगतान चीनी मिलों के द्वारा किया गया है। चालू सत्र 2015-16 में भी भुगतान नहीं होने के कारण किसान अपना गन्ना नहीं दे रहे हैं जिसके कारण मिलों में 12 से 15 घंटे "नो केन" रहता है और मात्र 5 से 6 घंटे ही चीनी मिलें चल पाती हैं।

इसके अलावा इन मिलों के द्वारा 5 से 6 क्विंटल गन्ने की घटतौली भी की जाती है जिसका सबूत भी है। चालू सत्र में फ्री एरिया के किसानों का भुगतान तुरंत कर दिया गया है परंतु रिजर्व एरिया के किसानों का भुगतान लंबे समय से लंबित है जिसके कारण हजारों की संख्या में किसान प्रभावित हो रहे हैं और भुखमरी के कगार पर हैं।